प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ ने वाराणसी में सोमनाथ संकल्प महोत्सव में कहा– देशभर के तीर्थस्थल तय कर रहे हैं विकास की नई यात्रा।
2. मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट 2026 में हुए शामिल : कहा– ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी राज्य के रूप में पहचान बना रहा है उत्तर प्रदेश।
3. केंद्र सरकार ने जारी की विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के एक जुलाई से क्रियान्वयन की अधिसूचना : मौजूदा वित्त वर्ष में 95 हजार 692 करोड रुपये का किया गया प्रावधान। और
4. प्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालयों के साथ ही डिग्री कॉलेजों को भी नैक रैंकिंग दिलाने का रखा लक्ष्य : उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा– विशेष कार्यशालाओं के ज़रिए संस्थानों में गुणवत्ता सुधार की होगी ट्रेनिंग।

—————————

प्रदश के विभिन्न जनपदों में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत

सोमनाथ संकल्प महोत्सव में शामिल हुए। श्री काशी विश्वनाथ धाम में आयोजित इस कायक्रम में सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हम सभी एक भारत–श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान सोमनाथ महादेव मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत अनेक पवित्र तीर्थस्थल अपने वैभव के साथ विकास की नई यात्रा तय कर रहे हैं। बाइट.....

*सोमनाथ फिर उसी तेजस्विता के साथ भारत के गौरव का उद्घोष कर रहा है और हम सब आभारी हैं कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी का जो ससी मार्गदर्शन और नेतृत्व भारत को प्राप्त हो रहा है उसी का परिणाम है। सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के साथ ही उसकी पुनर्प्रतिष्ठा के अमृत पर्व के साथ जोड़कर के काशी विश्वनाथ धाम में इस आयोजन के कार्यक्रम को अपनी आंखों से साक्षात दर्शन कर रहे हैं।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज सोमनाथ में व्यापक विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी आध्यात्मिक चेतना में निहित होती है और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव के पुनर्जागरण का महायज्ञ है। बाइट.....

*यह पर्व हमें अपने गौरवशाली अतीत से ऊर्जा लेकर भविष्य के भारत के निर्माण का संकल्प देता है। ऐसा भारत जो अपनी जड़ों से जुड़ा हो,*

*अपनी संस्कृति पर गर्व करता हो और विश्व को वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता हो। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी आर्थिक समृद्धि, भौतिक संसाधन या तकनीकी प्रगति में नहीं होती, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक स्मृति और आत्मिक आधार में निहित होती है।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट 2026 में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बना है, नीति निर्माण में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति ने आज प्रदेश में निवेश के नए द्वार खोले हैं। आज उत्तर प्रदेश ने देश में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी राज्य के रूप में पहचान बनाई है। बाइट.....**

*मैं इस बात को कह सकता हूं कि जब हम लोग आए थे सत्रह में तब यू. पी. ईज आफ डूईंग बिजनेस में तेरहवें–चौदहवें स्थान पर था। आज वह देश का top achiever state के रूप में उत्तर प्रदेश का अपना स्थान है। मैं मानता था कि तीन बातें बहुत महत्वपूर्ण होंगी। सबसे पहली सुरक्षा, दूसरा हम प्रदेश के अंदर policy paralysis से उत्तर प्रदेश की नौकरशाही को उभारे और UP के अंदर हम अलग–अलग सेक्टर की sectoral policies तैयार करें। और जो हमारी सबसे बड़ी ताकत थी वह थी सबसे पहले हमारी एग्रीकल्च ग्रोथ को आगे बढ़ाना।*

———————————

**केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी– गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम,**

**2025 के क्रियान्वयन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिनियम इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। देशभर में नए ढांचे के क्रियान्वयन के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक रिपोर्ट.....**

*विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम 2005 की जगह लेगा। इस नए अधिनियम का उद्देश्य, एक वित्तीय वर्ष में रोज़गार गारंटी को सौ दिनों से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन करना है। इसके अलावा यह अधिनियम समय पर मज़दूरी के साथ–साथ पारदर्शी और जवाबदेह भुगतान पर ज़ोर देता है। यदि निर्धारित समय के भीतर किसी को काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो इस नए अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, रोज़गार के नए अवसर पैदा करने और गांव के समग्र और सतत विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि मल्टी–लेन फ्री फ्लो– बैरियर–रहित टोल संग्रह प्रणाली के शुभारंभ के साथ भारत ने प्रौद्योगिकी–आधारित राजमार्ग प्रबंधन के एक नए युग में प्रवेश किया है। नई दिल्ली में इस उन्नत टोल प्रणाली का उद्घाटन करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि इस पहल से टोल प्लाजा पर लगने वाला अधिक समय कम हो जाएगा और ईंधन की बर्बादी, प्रदूषण और यात्रा में होने वाली देरी में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से 285 करोड़ रुपये के ईंधन की बचत होगी और प्रति वर्ष 81 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी।

——————————

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य विश्वविद्यालयों के साथ ही प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी नैक और अन्य राष्ट्रीय रैंकिंग दिलाना है। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें उन्हें बताया जा रहा है कि संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, रिसर्च कल्चर, डिजिटल एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र सुविधाओं को बेहतर बनाकर किस प्रकार रैंकिंग हासिल की जा सकती है। लखनऊ में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने और

रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

---

अयोध्या में दो दिवसीय श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में हिस्सा लने पहुंचे समिति के  अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर स्थित हनुमान जी की गैलरी के सभा कार्य 30 मई तक पूरा कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा में निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर स्थित संग्रहालय दिसंबर के बाद ही श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। श्री मिश्र ने कहा कि मंदिर परिसर में विरासत संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक संरक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इस प्रयोगशाला में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के दो विशेषज्ञ अयोध्या में अगले तोन वर्षों तक स्थानीय कर्मचारियों को संरक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। बाइट.....

*कोई टेक्सटाइल पर पेंटिंग हो, कोई अन्य प्रकार की कलाकृति हो, जो खुदाई में पत्थर मिले तो कंजर्वेशन और प्रिजर्वेशन के लैब जो बनाई गई है, यह आई जी एन सी ए दिल्ली में है। उनके साथ समझौता करके यह लैब बनाई गई है। उन्होंने दो अनुभवी कर्मचारी अपनी संस्था से दिए हैं। लगभग तीन साल में वह हमारे स्टाफ को प्रशिक्षण देंगे।*

---

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर लखनऊ स्थित केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान–सीमैप और राष्ट्रीय

वनस्पति अनुसंधान संस्थान– एनबीआर आई में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. आश्विन  काशिकर ने एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, प्रिसीजन ब्रीडिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से जलवायु–अनुकूल और उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों के विकास पर प्रकाश डाला। वहीं सीमैप में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न समझौता ज्ञापनों और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

——————————

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश जनपदों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज़ हवाओं के साथ हल्की बारिश और बिजली गिरने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक अगले एक सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेलसियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

(समाप्त)